# जिला सैनिक कल्याण विभाग, मण्डी हिमाचल प्रदेश के विश्राम गृह के लेंखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/11 से 3/14

## भाग–एक

**1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

संस्था के गत अंकेक्षण प्रतिवेदनो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के पश्चात बकाया अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

**(क) अवधि 3/81 तक का अंकेक्षणएवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–5 (3 व 4) | अनिर्णीत | |
| **(ख) अवधि 4/85 से 3/87 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–7 | अनिर्णीत | |
| **(ग) अवधि 4/90 से 3/92 का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–5 (ख) (ग) | अनिर्णीत | |
| **(घ) अवधि 4/92 से 3/93 तक का गत अंकेक्षणएवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 (ख) | अनिर्णीत | |
| 2 | पैरा–6 (ग) (1 से 4) | अनिर्णीत | |
| **(ङ) अवधि 4/01 से 3/02 का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 | अंशतः निर्णीत | (रसीद संख्या 935/20.10.08 द्वारा ₹2480, रसीद संख्या 940/24.10.08 द्वारा ₹800 व रसीद संख्या 978/17.03.09 द्वारा ₹1895 की वसूली की गई, शेष कार्रवाई बाकी है) |
| **(च) अवधि 4/02 से 3/03 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 | अनिर्णीत | |
| **(छ) अवधि 4/03 से 3/08 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 | अनिर्णीत | |
| **(ज) अवधि 4/08 से 3/11 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क की ₹1800/–बैंक ड्राफट संख्या 039468 दिनांक 19.9.11 द्वारा प्राप्त कर ली गई) |
| 2 | पैरा–4 (क)(ख) | निर्णीत | (पुनः प्रारूपित) |
| | पैरा–4 (ग) | अनिर्णीत | |
| 3 | पैरा–5 | निर्णीत | (बकाया वाउंडरी बाल निर्माण हेतु बाउंडरी बाल निर्माण विस्तृत माप व सामग्री के उपयोग का अनुमानित बजट श्री संजय कुमार ठेकेदार से लिया गया था व निदेशक सैनिक कल्याण हि0प्र0 हमीरपुर से कार्योतर स्वीकृति उनके पत्र संख्या 7–29–मण्डी/2007–SWD दिनांक 28 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मार्च 2008 ली गई थी – अपेक्षित कार्रवई व अभिलेख के सत्यापनोपरान्त निर्णीत) |
| 4 | पैरा–6 | निर्णीत | (सैनिक विश्राम गृह में आने वाले आगन्तुकों को सर्दी के मौसम में विश्राम गृह में बिजली चले जाने के कारण सर्दी से बचाने के लिए खरीदा गया था जिसका उपयोग सर्दियों में समय–समय पर किया गया क्रय किए गए कोयले की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियां कर दी है–स्टॉक रजिस्टर में अपेक्षित कार्रवाई के सत्यापनोपरान्त निर्णीत) |
| 5 | पैरा–7 | निर्णीत | (सैनिक रैस्ट हाउस से लिये गये ऋण की वसूली ₹1000 सरकारी निधि में रसीद संख्या 979 दिनांक 21 मार्च, 2009 को कर ली गई थी–रोकड़ बही में प्रविष्टि के सत्यापनोपरान्त निर्णीत) |
| 6 | पैरा–8 | निर्णीत | (1) वाउचर संख्या 157 दिनांक 09.03.09 कैश मैमों संख्या 049152 दिनांक 09.03.2009 के तहत ₹2530 का सामान सी0एस0डी0 कैन्टीन मण्डी से लिया गया। सामान का कैश मैमों में स्पष्ट उल्लेख है तथा खरीद की स्टॉक प्रविष्टि कर दी गई है<br>(2) वाउचर संख्या 163 दिनांक 31.03.09 कैश मैमों नं0 1906 दिनांक 26.03.09 के तहत ₹4889 में वर्णित सामान जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) महोदय के आदेशानुसार खरीदे गये है तथा जिन्हें उप निदेशक सैनिक कार्यालय के बाहर स्थापित कर दिया गया है क्योंकि उप निदेशक सैनिक कार्यालय का उपयोग निर्वाचन के दौरान पोलिंग स्टेशन के लिए किया जाता है तथा खरीद की स्टॉक प्रविष्टि कर दी गई है –स्टॉक रजिस्टर में अपेक्षित कार्रवई के सत्यापनोपरान्त निर्णीत) |
| 7 | पैरा–9 | निर्णीत | (अधिशासी हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मण्डी से कार्य समापन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कार्रवाई कर ली गई है–उपयागिता प्रमाण पत्र के सत्यापनोपरान्त निर्णीत) |
| 8 | पैरा–10 | अनिर्णीत | |

## भाग—दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षणः—

जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी के विश्राम गृह निधि के अवधि 4/11 से 3/14 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये है, श्री मोहिन्द्र कुमार अनुभाग अधिकारी (ले0प0) व विजय कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनाँक 27.10.14 से 28.10.14 के दौरान सम्पन्न किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिए माह 4/11, 3/13, 12/13 तथा व्यय की विस्तृत जाँच के लिये माह 12/11, 9/12, 12/13 के लेखाओं का चयन किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान संस्था में निम्न संस्थाध्यक्ष कार्यरत्त रहेः—**

| क्र0सं0 | नाम व पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | मेजर (से0नि0) बी0एस0 भारद्वाज | 1.4.11 से 30.9.12 |
| 2 | श्री डी0आर0 धीमान (एच0ए0एस0) | 20.11.12 से 7.2.13 |
| 3 | श्री शुभ करण सिंह (एच0ए0एस0) | 8.2.13 से 21.2.13 |
| 4 | श्री श्रृगवेद मिलिन्द ठाकुर (आई0ए0एस0) | 22.2.13 से 20.5.13 |
| 5 | कु0 नीलम दूल्टा (एच0ए0एस0) | 21.5.13 से 31.3.14 |

## 3 अंकेक्षण शुल्कः—

जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी के विश्राम गृह के अवधि 4/11 से 3/14 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का ₹2200/— आंका गया। उक्त राशि को रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला—9 को भेजने के लिए अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) की अधियाचना संख्या फिन एल0ए0 (ए0पी0एम0सी0) मण्डी 10/14—1008 दिनाँक 20.11.14 द्वारा उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण मण्डी को अनुरोध किया गया। संस्था द्वारा उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट संख्या UHG-645508 दिनाँक 20.11.14 द्वारा प्रेषित कर दी गई।

## 4 वित्तीय स्थितिः—

**(क)** जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी द्वारा प्रस्तुत विश्राम गृह निधि के अवधि 4/11 से 3/14 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से रहीः—

| वर्ष | गत शेष | आय | ब्याज | कुल योग | भुगतान | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011—12 | 1341035.38 | 637137 | 11217 | 1989390.38 | 805405 | 1183984.38 |
| 2012—13 | 1183984.38 | 504522 | 6492 | 1694998.38 | 460369 | 1234629.38 |
| 2013—14 | 1234629.38 | 1287204.70 | 527064 | 3048898.08 | 933428.40 | 2115469.68 |

| | दिनाँक 31.3.14 को अन्तशेष का विवरण | |
|---|---|---|
| (i) | बैंक खाता संख्या 104090890 (पी0एन0बी0 मण्डी) में जमा राशि | ₹549061.65 |
| (ii) | बैंक खाता संख्या 1042104306 (पी0एन0बी0 मण्डी) में जमा राशि | ₹21758.03 |
| (iii) | सावधि जमा में निवेशित राशि | 1544650 |
| | **योग** | **₹2115469.68** |

**(ख) निवेशः–**

जिला सैनिक विश्राम गृह निधि से अंकेक्षण अवधि के दौरान किए गए निवेशित राशि का विवरण परिशिष्ट-I में दिया गया है। सावधि जमा संख्या 54659 की पुर्न निवेश पर दर्शाई जानी वाली ₹304062 को बैंक द्वारा दिनाँक 2.8.13 को पुर्न निवेश पर ₹299034 दर्शाया गया है। इसी प्रकार सावधि जमा संख्या 8067788 पुर्न निवेश पर दर्शाई जानी वाली ₹369432 को बैंक द्वारा दिनाँक 7.1.13 को पुनः निवेश पर ₹364371 दर्शाया गया है। अतः उक्त सावधि जमा योजनाओं में निवेशित राशियों को पुनः निवेश पर कम दर्शाए जाने बारे में बैंक से स्थिति स्पष्ट करवाई जाए तथा अनुपालना की जाँच आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाए।

## 5 हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग से ₹311700/– के उपयोगिता प्रमाण पत्र/रसीदें इत्यादि प्राप्त न करनाः–

माह 12/11 के दौरान सैनिक विश्राम गृह निधि से हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मण्डी मण्डल–II को निर्माण कार्य हेतु चैक संख्या 667430 दिनाँक 19.12.11 द्वारा ₹311700 का भुगतान किया गया। अभिलेख की छानबीन करने पर पाया गया कि उक्त भुगतान से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र व भुगतान की वास्तविक पावती अभी तक प्राप्त नहीं की गई जिन्हें सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण में सत्यापनार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 6 विश्राम गृह की मुरम्मत पर व्यय की गई ₹33260/– से सम्बन्धित अनियमितताएंः–

वाऊचर संख्या 67 दिनाँक 21.9.12 द्वारा श्री सचिन कटोच ठेकेदार मण्डी को उनके बिल संख्या 23 दिनाँक 15.9.12 के अन्तर्गत विश्राम गृह की मुरम्मत हेतु ₹33260/– का भुगतान किया गया। अभिलेख की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि उक्त कार्य से सम्बन्धित मदों का विवरण व सामग्री के उपयोग का विवरण वाऊचर में नहीं दिया गया है। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य से सम्बन्धित निविदाऐं भी जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं की गई। अतः सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ हेतु प्रस्तुत किए जाएं।

**7** **लघु आपत्ति विवरणिकाः—** इसे अलग से जारी नहीं किया गया।

**8** **निष्कर्षः—** लेखों के उचित सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/—
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश शिमला—171009.

पृष्ठांकन संख्याः— फिन (एल0ए0)(एच)(2)सी 15(14) 39/76 खण्ड—7—1807—1810 दिनांक07.04. 2015 , शिमला—09

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित की जाती है :—

**पंजीकृत** :—1 उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजें।

2 अतिरिक्त सचिव (सामान्य प्रशासन) हि0प्र0 सरकार शिमला—2

3 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण हमीरपुर, जिला हमीरपुर हि0प्र0

4 श्री मोहिन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा.....................

हस्ता/—
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश शिमला—171009.